## महत्वपूर्ण एवं खास

### पत्नी की मौत से दुखी मजदूर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कोरबा (आरएनएस)।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र के नरईबोध गांव में 48 वर्षीय मजदूर रामरतन चैहान ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार रामरतन की पत्नी सुखमति बाई की 15 दिन पहले बीमारी से मौत हो गई थी, जिसके बाद से वे गहरे सदमे में था। शनिवार दोपहर घर में अकेले रहते हुए उन्होंने मां की साड़ी से फांसी लगा ली। परिजन अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक ने युवक को रौंदा

**रायपुर (आरएनएस)।** टाटीबंध शराब दुकान के पास ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक श्याम साहू 26 वर्ष डुमरतालाब का रहने वाला था। मृतक पैदल कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध शराब दुकान के पास ट्रक क्रमांक जीजे 01 डीजेड 4580 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए श्याम को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो दोपहिया वाहन आपस में भिड़ी, एक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** नेशनल हाइवे के ग्राम देवरी के पास स्कूटी और बाइक में टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अजय यदू 17 वर्ष ठेठवारपारा सिलतरा का रहने वाला था। मृतक अपने दोस्त सोहन यदू के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी नेशनल हाइवे ग्राम देवरी के पास विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमएल 1395 से टक्कर हो गया। इस हादसे में अजय की मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त घायल है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में धरसींवा पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### होली में पुलिस की बड़ी काईवाई, 329 वाहन जब्त

#### 78 ड्रंक एंड ड्राइव मामले में पेश किए जाएंगे न्यायालय

**रायपुर (आरएनएस)।** होली के त्यौहार के दौरान रायपुर पुलिस ने शहर में शांति और सौहार्दपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी कार्रवाई की। 13 और 14 मार्च को होली पर्व मनाया गया, जिसके दौरान पुलिस ने यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और वरिष्ठ अधीक्षक जिला रायपुर के निर्देशन में, समस्त एडिशनल एसपी और डीएसपी के नेतृत्व में शहर के 50 प्रमुख चौक-चौराहों पर चेकिंग पॉइंट लगाए गए थे। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने 329 वाहनों को जप्त किया। इनमें से 251 वाहन चालकों पर तीन सवारी वाहन चलाने के आरोप में कार्रवाई की गई, जबकि 78 वाहन चालकों पर ड्रंक एंड ड्राइव के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जप्त किए गए। रायपुर पुलिस के अनुसार, इन सभी मामलों को सोमवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्यवाही के जरिए पुलिस ने होली के दौरान सडक़ पर सुरक्षा और व्यवस्था को सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश की।

### दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर, 4 की मौत

**कोरिया (आरएनएस)।** जिले के बैकुंठपुर में एक भीषण सडक़ हादसा हुआ, जिसमें चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा सोनहत थाना क्षेत्र में दो तेज़ बाइकों की आपस में टक्कर होने से हुआ। इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चारों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है, जबकि मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। यह हादसा स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ा सदमा साबित हुआ है।

## अंधे कत्ल का पर्दाफाश : लैलूंगा पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझाया मर्डर मिस्ट्री, पति-पत्नी गिरफ्तार

**रायगढ़**





थाना लैलूंगा क्षेत्र के ग्राम बनेकेला में रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय फागुलाल राठिया के रूप में हुई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम व एसडीओपी सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

**हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को मिले अहम सुराग**

घटनास्थल पर मृतक की साइकिल और कुछ दूरी पर टूटी हुई कांच की चूड़ियां बरामद हुईं, जिससे जांच की दिशा तय हुई। गांव के कार्तिक राम राठिया ने पुलिस को बताया कि बीती रात सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें फागुलाल भी शामिल था। बैठक के बाद वह गांव के रोहित कोरवा के साथ देखा गया था।

सूचना के आधार पर पुलिस ने रोहित कोरवा को हिरासत में लिया और सख्ती से पूछताछ की, जिसमें उसने अपनी पत्नी पंचमी कोरवा के साथ मिलकर फागुलाल की हत्या करने की बात कबूल कर ली।

**यूं दिया वारदात को अंजाम**

आरोपी रोहित कोरवा (19 वर्ष) और उसकी पत्नी पंचमी कोरवा (37 वर्ष) ने बताया कि घटना की रात फागुलाल उनके घर आया था। खाना खाने के बाद उसने नशे की हालत में अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं और झगड़ा करने लगा। इस पर रोहित और पंचमी ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन जब वह नहीं माना तो दोनों ने मिलकर उसे खींचते हुए भेड़ीमुडा मार्ग की ओर ले गए।

वहां पर दोनों ने मिलकर फागुलाल की हाथ-मुक्कों से पिटाई की और फिर एक बड़े पत्थर से उसके सिर, चेहरे और शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी।

**महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गिरफ्तार**

आरोपियों के मेमोरण्डम के आधार पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर, खून से सने कपड़े और अन्य अहम सबूत जब्त किए गए। दोनों के खिलाफ अपराध क्रमांक 65/2025 के तहत धारा 103(1),3(5) बीएनएस में मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

**पुलिस टीम की अहम भूमिका**

इस जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी राजेश जांगड़े, सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक नंद कुमार पैंकरा, आरक्षक राजू तिग्गा, सुरेश मिंज और महिला ग्राम कोटवार की अहम भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने टीम को त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से मामले को सुलझाने के लिए सराहना की।

## जूटमिल पुलिस ने लूटपाट मामले के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपी गए जेल

**रायगढ़**



जूटमिल थाना क्षेत्र में 11 मार्च की रात भारतीय स्टेट बैंक, कोतरारोड में सर्विस मैनेजर के पद पर कार्यरत सुमन टोप्पो (37 वर्ष के साथ लूटपाट की घटना हुई। बैंक बंद करने के बाद वे अपने घर सावित्री नगर कॉलोनी, जूटमिल लौट रहे थे, तभी दुर्गा चौक से मेहर गली होते हुए नाले के पास दो अज्ञात बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने मारपीट कर उनके पास मौजूद पर्स, 800 रुपये नकद, दो ATM और दो क्रेडिट कार्ड, कार की आरसी, आधार व पैन कार्ड, बैंक के मुख्य द्वार व लॉकर की चाबियां और अन्य दस्तावेज लूट लिए। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गए। 12 मार्च को रिपोर्ट दर्ज होते ही थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की और रितेश सूर्यवंशी (19) निवासी गांधीनगर और नवरत्न रात्रे (20) निवासी सराईभद्दर दुर्गा मंदिर के पास को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया और बताया कि लूट के पैसे आपस में बांटे, 300 खर्च कर दिए। पुलिस ने शेष रु.500, बैंक से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, पेन कार्ड और बैग बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को थाना जूटमिल के अपराध क्रमांक 72/2025 धारा 309(4),309(6) बीएनएस के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नाबालिग के अपहरण और शोषण का आरोपी पुणे से गिरफ्तार, कबीरधाम पुलिस की त्वरित कार्यवाई

**कबीरधाम | आरएनएस**

कबीरधाम पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग बालिका के अपहरण एवं शोषण के आरोपी को पुणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और जबरन शारीरिक शोषण कर रहा था।

मामला थाना कुकदुर के अपराध क्रमांक 160/24, धारा 137(2) भा.न्या.सं. से संबंधित है। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 24-25.11.2025 की दरमियानी रात बिना बताए घर से लापता हो गई। मामला अत्यंत संवेदनशील होने के कारण पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से.) ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल (रा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल (रा.पु.से.) एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपत सिंह के मार्गदर्शन में थाना कुकदुर प्रभारी निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी एवं अपहृता की खोजबीन शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद यह जानकारी प्राप्त हुई कि नाबालिग को आरोपी अजय कुमार पिता शिवनाथ बघेल (उम्र 24 वर्ष), निवासी ग्राम कुकदुर, ने पुणे, महाराष्ट्र में छिपाकर रखा है। टीम ने तत्परता दिखाते हुए 11.03.2025 को पुणे के मूर्ति पार्क, वहिल नगर, डुडुलगांव, थाना दिघी, जिला पिंपरी चिंचवड़, महाराष्ट्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया।

पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपी अजय कुमार बघेल ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ भगाया और पुणे ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। मामले में पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाने के पश्चात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2), 64(2)(एम), 64(2)(आई) भा.न्या.सं. एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य, प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, अजय जायसवाल, आरक्षक कृष्ण कुमार ध्रुवे एवं महिला आरक्षक बिमला ध्रुवे की विशेष भूमिका रही।

## आपसी विवाद में बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या, जूटमिल पुलिस ने आरोपी को भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



ग्राम तरकेला में पारिवारिक विवाद के चलते बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

घटना 15 मार्च 2025 की है, जब ग्राम तरकेला निवासी पंचराम महंत ने जूटमिल थाना पहुंचकर अपने छोटे बेटे निर्मल दास महंत (24 वर्ष) की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, पंचराम के तीन बेटे निमाई (32 वर्ष), सुशील (28 वर्ष) और निर्मल (24 वर्ष) हैं। निमाई शादीशुदा है और सीतापुर में रहता है, जबकि सुशील और निर्मल अविवाहित थे और पिता के साथ गांव में रहते थे।

पंचराम ने बताया कि होली के दिन दोनों बेटे सुशील और निर्मल रंग खेलकर घर आए और किसी बात को लेकर आपस में झगड़ने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर सुशील ने घर में रखा लकड़ी का डंडा उठाकर निर्मल के सिर पर वार कर दिया। निर्मल जमीन पर गिर गया, लेकिन इसके बाद भी सुशील ने बेरहमी से डंडे से उस पर कई बार वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पंचराम के अनुसार, सुशील और निर्मल के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुके थे, लेकिन इस बार विवाद इतना बढ़ गया कि यह निर्मल की जान ले बैठा।

हत्या की सूचना मिलते ही जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आरोपी सुशील दास महंत को पतासाजी कर हिरासत में लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 75/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज, उपनिरीक्षक गिरधारी साव, प्रधान आरक्षक सतीश पाठक और आरक्षक सुशील यादव की अहम भूमिका रही। पुलिस ने घटना के संबंध में आगे की जांच जारी रखी है और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जूटमिल पुलिस ने मारपीट के आरोपी पर हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की कार्यवाई कर भेजा जेल

- जूटमिल पुलिस लगातार बदमाशों पर कर रही कार्यवाही

**रायगढ़**



जूटमिल थाना पुलिस ने एक गंभीर मारपीट मामले में आरोपी पर हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। घटना 14 मार्च की सुबह की है, जब मिट्ठुमुडा दुर्गा चौक पर मुकेश खड़िया (26 वर्ष) नामक युवक पर दिनेश साहू ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। रिपोर्टकर्ता अश्वनी बरेठ (30) के मुताबिक, उसका मौसेरा भाई मुकेश 13 मार्च की रात होली मनाने के बाद चौक पर सो रहा था, तभी सुबह राजीव गांधीनगर निवासी दिनेश साहू वहां पहुंचा और मुकेश से झगड़ा कर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर लोग पहुंचे, तो आरोपी के हाथ में फरसानुमा धारदार हथियार था और वह हमला करने को उतारू था, लेकिन मौके से फरार हो गया।

पीड़ित मुकेश को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे केजीएच अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी दिनेश साहू के खिलाफ अपराध क्रमांक 73/2025 धारा 109(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। आज पुलिस ने दिनेश साहू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी दिनेश साहू (19 साल) ने बताया कि 13 मार्च की रात कुछ युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज की थी, इस बात की रंजिश पर उसने मुकेश से मारपीट की। जूटमिल पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 जोड़कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया, जहां उसे जेल वारंट जारी होने के बाद जेल दाखिल करा दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी, आरक्षक तरुण महिलाने, धनेश्वर उरांव और सुशील यादव की अहम भूमिका रही। जूटमिल पुलिस लगातार क्षेत्र में असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर शिकंजा कस रही है, जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिल रही है।

## रेलवे साइडिंग के पास मालगाड़ी से टकराया ट्रक वैगन उतरा पटरी से, कोयला परिवहन प्रभावित

**कोरबा | आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के कोरबा में कोल इंडिया की सबसे बड़ी कोयला खदान दीपिका में रेलवे साइडिंग के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक, चलती मालगाड़ी से टकरा गया, जिससे मालगाड़ी का आखिरी डिब्बा (गार्ड डिब्बा) पटरी से उतर गया। इस हादसे से एसईसीएल और रेलवे प्रबंधन की लापरवाही उजागर हो गई है।

**कैसे हुआ हादसा?**

जानकारी के अनुसार, बिना फाटक वाली रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी अपनी गति से गुजर रही थी। क्रॉसिंग पर तैनात सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे ट्रक चालक संकेत नहीं देख सका और तेज गति से ट्रक लेकर आगे बढ़ गया। इसी दौरान मालगाड़ी की गति अचानक कम हो गई, जिससे ट्रक चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सीधे मालगाड़ी के आखिरी डिब्बे से जा टकराया। घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

**रेलवे ट्रैक पर कोयला परिवहन प्रभावित**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मालगाड़ी का गार्ड डिब्बा पटरी से उतर गया, जिससे रेलवे ट्रैक बाधित हो गया और कोल परिवहन प्रभावित हुआ। इस घटना के बाद रेलवे और एसईसीएल प्रबंधन पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि बिना फाटक की रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा इंतजाम नदारद थे। घटना की सूचना मिलते ही कोरबा रेलवे प्रबंधन और कोरबा आरपीएफ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं। इसके अलावा रेलवे की आरडी टीम भी मौके पर पहुंची और मालगाड़ी को पटरी पर लाने के लिए मरम्मत में लगे हुए हैं।

## मुख्यमंत्री ने जशपुर में विमान उड़ान प्रशिक्षण का शुभारंभ किया : एनसीसी कैडेट्स का बढ़ाया उत्साह

- राज्य सरकार युवाओं को बनाएगी पायलट, हर संभव सहायता होगी उपलब्ध
- प्रशिक्षु कैडेट्स का जोश - हमारा सपना साकार हो रहा है!

**रायपुर | आरएनएस**




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के आगडीह हवाई पट्टी में 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कैडेट्स के अनुभव सुने और जशपुर में पहली बार शुरू हुए विमान उड़ान प्रशिक्षण को एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि जशपुर अब केवल पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र नहीं, बल्कि विमानन प्रशिक्षण का नया हब भी बन रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। अब युवा पायलट बनने का भी सपना साकार कर सकते हैं, जिसके लिए सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर माइक्रो लाइट एयर स्क्वाड्रन विमान का अवलोकन किया और उसकी तकनीकी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैडेट्स को जशपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जाए, ताकि वे जिले के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से परिचित हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जशपुर में काजू, चाय पत्ती, नाशपाती और सेब की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है, जिससे यहां की कृषि को नया आयाम मिला है।

**पहली बार जशपुर में विमान उड़ान प्रशिक्षण, 100 कैडेट्स को मिलेगा अवसर**

जशपुर जिले में 7 मार्च 2025 से कैडेटों को सुबह विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान विमान आकाश में उड़ान भरने के बाद सुरक्षित लैंड करता है, जिससे कैडेट्स को व्यावहारिक अनुभव मिलता है। रायपुर से बाहर पहली बार जशपुर जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिससे कैडेट्स में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

**ट्विन-सीटर स्ड्ख-80 विमान से दी जा रही ट्रेनिंग**

आगडीह हवाई पट्टी की लंबाई 1200 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है। यहां सिंगल इंजन ट्विन-सीटर वायरस स्ड्ख-80 विमान से कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 20,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई तक उड़ सकता है। हालांकि, फिलहाल प्रशिक्षण के लिए 1,000 फीट की ऊंचाई तक ही उड़ान संचालित की जा रही है।

कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि एनसीसी एयर विंग के सी सर्टिफिकेट में उच्च ग्रेडिंग प्राप्त करने वाले कैडेट्स सीधे एयरफोर्स इंटरव्यू के लिए पात्र माने जाते हैं, जिससे यह प्रशिक्षण उनके सुनहरे भविष्य की नींव रखता है।

**कैडेट्स का उत्साह – एयरफोर्स पायलट बनने का सपना साकार होगा**

प्रशिक्षु नितेश प्रजापति ने बताया कि जशपुर का स्वच्छ और खूबसूरत वातावरण उड़ान प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयुक्त है। उन्होंने कहा, मेरा सपना एयरफोर्स पायलट बनने का है, और यह प्रशिक्षण मुझे उस दिशा में आगे बढऩे में मदद करेगा।

इसी तरह प्रांशु चौहान ने बताया कि जशपुर में एयर ट्रैफिक साफ-सुथरा रहता है, जिससे उड़ान में कोई बाधा नहीं आती। रनवे भी पूरी तरह से क्लियर रहता है, जिससे प्रशिक्षण बिना किसी रुकावट के संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा प्राकृतिक सुंदरता के बीच प्रशिक्षण लेना हमारे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480